<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–28 जून 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को किया सम्बोधित : कहा– सरकारी भर्ती की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी की है आवश्यकता।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अतंर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर एमएसएमई इकाईयों के लिये बीस हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरण कार्यक्रम का किया शुभारम्भ। कहा– उत्तर प्रदेश में तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है एमएसएमई।
- मुख्यमंत्री ने की नई एक्सप्रेस–वे परियोजनाओं, औद्योगिक कॉरिडोर और डिफेंस कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा : कहा– बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस–वे को विस्तार देना आवश्यक।
- गौतमबुद्धनगर में इंटरनेशनल फिल्म सिटी के निर्माण के लिए रियायत समझौते पर हुए हस्ताक्षर। पहले चरण में दो सौ तीस एकड़ भूमि पर होगा फिल्म सिटी का निर्माण।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार पेपर लीक की निष्पक्ष जांच और दोषियों के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और परीक्षा–संबंधित निकायों, उनके कामकाज और परीक्षा प्रक्रिया के सभी पहलुओं में बड़े सुधारों की दिशा में काम कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि चाहे प्रतियोगी परीक्षाएं हों या सरकारी भर्ती की प्रक्रिया सभी में पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि इससे पहले भी कई राज्यों में पेपर लीक होने की घटनाएं होती रही हैं इस पर दलीय राजनीति से ऊपर उठकर देशव्यापी उपाय करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संसद ने भी परीक्षा में होने वाली गड़बड़ियो के खिलाफ सख्त कानून बनाया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि नई सरकार आगामी संसद सत्र में अपना पहला आम बजट पेश करने जा रही है, यह उसकी दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा और सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। अर्थव्यवस्था की मजबूती पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि केंद्र विनिर्माण, सेवाओं और कृषि को समान महत्व दे रहा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में अतंर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर एमएसएमई इकाईयों को बैंकों द्वारा बीस हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण वितरित किया। साथ ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडी–ओपी के लाभार्थियों को टूल किट भी बांटी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर उत्तर प्रदेश में तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो हजार सत्रह के बाद से सरकार ने समय–समय पर जो काम शुरू किये हैं उससे एमएसएमई के उद्यमियों को देश ही नहीं बल्कि दुनिया में भी मंच मिला है। आज वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और विश्वकर्मा सम्मान योजना का लाभ उद्यमी उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमियों के लिये इंटरनेशनल ट्रेड–शो का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसके माध्यम से उन्हें अपने उत्पाद की शो–केसिंग करने का अवसर मिल रह है। बीते वर्षों में उद्योग जगत में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में यूपी–112 द्वितीय चरण के तहत उच्चीकृत पीआरवी का फ्लैग ऑफ किया। साथ ही पुलिसकर्मियों को वातानुकूलित हेलमेट वितरित किये। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम स्मार्ट पुलिसिंग की सात वर्ष की प्रक्रिया को नई ऊंचाई पर पहुंचाने का अभियान है। उन्होंने कहा कि कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है। इसके लिए सुरक्षा और संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए। पिछले सात वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश पुलिस ने देश के अंदर न केवल अपनी नई पहचान बनाई है, बल्कि प्रदेश को भी नई पहचान दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि नए आपराधिक कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे कानूनों की जगह लेंगे, जिससे देश की न्याय प्रक्रिया और मजबूत बनेगी। नए कानून एक जुलाई से लागू होंगे और उससे पहले प्रदेश में सारी तैयारी पूरी कर ली गयी हैं। श्री कुमार ने यह बातें कल गृह मंत्रालय, सूचना प्रसारण मंत्रालय और उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में पीआईबी द्वारा आयोजित वार्तालाप कार्यक्रम में कहीं। श्री कुमार ने कहा कि प्रदेश में नए कानूनों का सही तरीके से अनुपालन हो सके इसके लिए अधिकारियों का प्रशिक्षण सौ प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। इस मौके पर डीजी प्रशिक्षण तिलोत्मा वर्मा और एडीजी पीआईबी लखनऊ विजय कुमार मौजूद

रहे। कार्यक्रम में एडीजी प्रशिक्षण सुनील कुमार ने कानूनों में किए गए बड़े परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी। श्री कुमार ने बताया कि ने नये कानूनों में एसिड हमलों में कम से कम दस वर्ष से आजीवन कारावास तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा भारतीय कानून प्रणाली में छोटे अपराधों में सामुदायिक सेवा के माध्यम से न्याय का कदम शामिल है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में एक बैठक में प्रदेश में निर्माणाधीन एवं नवीन एक्सप्रेस–वे परियोजनाओं और औद्योगिक कॉरिडोर और डिफेंस कॉरिडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्ग दर्शन में बीते सात वर्ष में प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है। दो हजार सत्रह तक मात्र दो एक्सप्रेस–वे वाले इस प्रदेश में आज छह एक्सप्रेस–वे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग बीते सात वर्ष में लगभग दोगुने हो गए हैं। आज उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस–वे प्रदेश के रूप में नई पहचान मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेस–वे कवरेज को और विस्तार देने की आवश्यकता है। जेवर में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट बन रहा है, इसे एक्सप्रेस–वे से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए गंगा एक्सप्रेस–वे से जेवर एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेस–वे का निर्माण कराना उचित होगा। इसी प्रकार आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे से पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे तक लिंक एक्सप्रेस–वे तथा गंगा एक्सप्रेस–वे से आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे तक वाया फर्रूखाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेस–वे बनाया जाना चाहिए। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस–वे के साथ–साथ यह तीन नए एक्सप्रेस–वे प्रदेश की तरक्की को गति देने वाले होंगे। इस संबंध में प्रारंभिक अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए।

**********

गौतमबुद्धनगर में इंटरनेशनल फिल्म सिटी के निर्माण के लिए फिल्म निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के आशीष भूटानी ने कल यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के साथ एक रियायत समझौते पर दस्तखत किए। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ डा. अरुणवीर सिंह ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर–21 में एक हजार एकड़ में फैली फिल्म सिटी का पहला चरण शुरू होने जा रहा है। इसमें प्रथम चरण में दो सौ तीस एकड़ जमीन पर फ़िल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण की लागत लगभग एक हजार पांच सौ दस करोड़ रुपए आएगी।

**********

नीट पेपर लीक मामले की जांच के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सी.बी.आई. ने कल पटना से मनीष प्रकाश और आशुतोष को गिरफ़्तार किया। मनीष प्रकाश छात्रों को अपनी गाड़ी में लाने और ले जाने का काम करता था, जबकि आशुतोष के घर में छात्रों को ठहराया जाता था। दोनों को कोर्ट में पेश कर दिया गया है। इसके अलावा सी.बी.आई. ने कल झारखंड के हज़ारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य से पूछताछ की। इसके बाद आगे की पूछताछ के लिए सीबीआई उन्हें अपने साथ ले गई। प्राचार्य नीट परीक्षा के लिए हजारीबाग शहर के स्कूलों के समन्वयक थे। सी.बी.आई. टीम ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया–एस.बी.आई. हजारीबाग की शाखा के अधिकारियों से भी पूछताछ की, जहां प्रश्नपत्र रखे गए थे। बिहार की आर्थिक अपराध इकाई ई.ओ.यू. ने पहले कहा था कि पटना के खेमनीचक प्ले स्कूल से आंशिक रूप से जला हुआ प्रश्न पत्र जब्त किया गया था। उधर इस मामले में वांछित एमबीबीएस छात्र राज पाण्डेय की तलाश में बिहार पुलिस ने कल प्रयागराज के नैनी और करछना स्थित अस्पतालों में छापेमारी की। हालांकि छापेमारी में पुलिस को राज पाण्डेय मौके पर नही मिला।

**********

प्रदेश में मानसून पूरी सक्रिय हो गया है। अधिकांश जिलों में रूक–रूक कर बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। बीते चौबीस घंटे में मुरादाबाद में सर्वाधिक एक सौ दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा बदायूं, मैनपुरी, हापुड़, मथुरा, अमरोहा, रामपुर, गोरखपुर, महराजगंज सहित अन्य जिलों में भी बारिश से मौसम सुहावना हो गया। अधिकांश जिलों में अभी भी बादल जमे हुए हैं और वर्षा की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिन तक बादलों के छाये रहने और रूक–रूक कर वर्षा होने का पूर्वानुमान है। इसके चलते अधिकतम से लेकर न्यूनतम तापमान तक में गिरावट दर्ज की जायेगी। नेपाल के तराई जिलों में मध्यम से लेकर भारी वर्षा का पूर्वानुमान मौसम विज्ञानियों ने जताया है।

**********

सुल्तानपुर में कल देर शाम गोमती नदी में नहाते समय चार बच्चे डूब गये। इनमें से एक बच्चे को तो किसी तरह बचा लिया गया लेकिन तीन बच्चे अभी भी नही मिल सके। एनडीआरएफ की टीम गोताखोरो की मदद से बच्चों की तलाश में जुटी हुई है।

**********